YEAR: 2024, ISSUE: 1

# RAINBOW SATHI
# रेनबो साथी

Rainbow Homes
EMBRACE. EDUCATE. ENABLE.




## Flying high with UDAAN
### NEW CONFIDENCE TO FACE THE NEW CHALLENGES

## उम्मीदों की नई उड़ान
### नई चुनौतियों के लिए नया आत्मविश्वास





RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథి • ரெயின்போ சாத்தி • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • রেইনবো সাথী

# TEAM Work

Year 7, Issue 29

Consulting Editor
**Bhasha Singh**

Editorial Board

CHANDA, (DELHI)
MADHUMITA, (KOLKATA)
M SRAVANTHI (HYDERABAD)
AMITA KUMARI (PATNA)
AMBIKA, DEEPTI, BEZWADA WILSON

Citizen Journalist

ARTI SINGHASAN, DELHI
PRIYADHARSHINI, CHENNAI
MAUSAM KUMARI PATNA
AISHWARYA, BANGALLORE
AMAN KUMAR, HYDERABAD
CH.NIKITHA, HYDERABAD
SELVI M, CHENNAI
SANTHOSH, BANGALLORE

Child Journalist

AMBIKA KALE, PUNE
ANIKET LOHRA, RANCHI
DEVI.S PRASAD, HYDERABAD
LAKSHMI KUMARI, RANCHI
SUMMI MUNIR, DELHI
DEEPAK AMAN DELHI
K.LAVANYA HYDERABAD
TAPITEJ HYDERABAD
LAXMI BANGALORE
KIRUTHIKA S CHENNAI
CHAMPA PATNA
SHYAM PATNA
V.DURGAPRASAD HYDERABAD
VENISSA NIYOLA D'SOUZA, BANGALLORE
DURGA SHETTI PUNE
RUPAL ORAON RANCHI
AAKASH, PATNA
DUBRAJ MALAR RANCHI
SUTAPA DOLUI, KOLKATA
SABINA KHATUN KOLKATA
ARJUN H, CHENNAI
RUPALI TERESA DEY, KOLKATA
KOKILAVANI M, CHENNAI

Support Team

ANANDARAJ CHENNAI
ANWAR HAQUE PATNA
AFSAR ALAM & BABARAMROHA DELHI
SHAIK ABDUL SAMAD & KRANTHI KIRAN HYDERABAD

Design: ROHIT KUMAR RAI







# हम बोलें दुनिया सुने...

**दोस्तो**

हम टाइम मशीन में बैठ सकते हैं, यह बात ही कितनी रोमांचक लगती है। उसमें बैठकर अगर हम अपने भविष्य की प्लानिंग कर सकें तो उससे बेहतरीन गिफ्ट और कुछ नहीं हो सकता। यह अगर हमारी ट्रेनिंग का हिस्सा हो तो क्या ही कहने। ऐसा ही सफर रहा उड़ान वर्कशॉप का। बात सिर्फ रंगीन सपनों की नहीं, बल्कि उस पथरीली जमीन पर चलने की भी है, जिस पर रेनबो होम्स में रहने वाले हर बच्ची-बच्चे को चलना ही होता है।

होम्स में जो केयर-प्रोटेक्शन मिलता है वह पढ़ाई-लिखाई करने के साथ-साथ बच्चों के समुचित विकास की गारंटी भी करता है। लेकिन इस छांव से बाहर निकलना भी जरूरी है, ताकि यंग एडल्ट के तौर पर हम एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी भूमिका को पहचाने। यह हम सब मिलकर सीखते हैं। यहां अपने अनुभव साझा करते हैं, सुख-दुख की डोर बनती है हम सबके बीच, और एक कॉमन प्लेटफॉर्म तैयार होता है। इसमें मदद करते हैं उड़ान वर्कशॉप में आने वाले स्पेशल मेहमान, जिन्होंने दुनिया में अपने कामों से बहुत नाम कमाया है, एक लंबी लकीर खींची है। उन्हें सुनना और उनसे बात करना, सवाल पूछना एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने जैसा होता है। इसके जरिए हम यह सीखते हैं कि कैसे हमें अपने विचारों को व्यवस्थित रूप में संयोजित organize करना है। साथ-ही साथ, मुश्किलों से कैसे लड़ा जाता है, रास्ता निकाला जाता है- ये सारे पहलू भी सीखने को मिलते हैं।

हंसी-खुशी, खेलते कूदते, नाटक करते, गाना गाते हम जिंदगी के कठिन सफर पर उतरने के लिए मिलकर तैयार होते है। यह ऊर्जा, यह सीख हमें आने वाले उन दिनों के लिए तैयार करती हैं, जब हम रेनबो होम्स की सतरंगी छांव से दूर खुद अपनी जमीन बनाने, अपना कैरियर गढ़ने में लगे होंगे।

है न यह अनूठा प्रयोग- द टाइम मशीन!

हम लड़ेंगे, हम जीतेंगे !!!

## Editor's Column

# We speak, the world listens.

**Friends**

The idea of we being able to sit in a time machine sounds so exciting. Isn't it! If can go through such a machine and plan our future then perhaps there can't be anything better than this. When such an idea become part of our training than there is nothing like it. UDAAN workshops are part of such a journey to time. It's not just about the colourful dreams, but also about the walking through tough roads, that every child staying at Rainbow Homes has to negotiate in the life.

The protection and care that we get at Homes also guarantees overall development of children along with their formal studies. But after a certain time, it is also essential for us to come out of this umbrella and move ahead in life while identifying our roles as a responsible citizen when we are on verge of becoming adults. UDAAN helps us in creating a common platform for community learning, we share our experiences which joins us all with a common thread of joys and sorrow. Special guests attending the workshop held us in this learning. They are the persons, who have earned a name for themselves by their selfless and committed work. Listening to them, participating in discussions and asking them questions is just like being part of a democratic process. Through all this, we learn how we should organize our thought process, and we also come to know that how one should fight the adversities and find a way out of them.

Through laughing-dancing-playing, enacting dramas and singing songs- we get ourselves ready to walk through the most challenging part of our lives. The learnings and the energy, that we gain from here prepares us for the days when we will be walking away from the shades of this rainbow umbrella to carve a ground and a future for ourselves.

Isn't this – 'Time Machine' a very innovative concept!

WE SHALL FIGHT, WE SHALL WIN!!!

# International Women's Day 2024

## Catalysts of Change: Creating an equal society

Rainbow Community-Based Care Programme Coordinators, Rainbow Community Care & Learning Centres' teachers, and volunteers were honoured on International Women's Day by the Rainbow Foundation India on March 9, 2024. A total of 40 women team members, community women, and coordinators of the Rainbow Home Programme participated in this programme, which was organised by the Hyderabad City Desk at Dr. B. R. Ambedkar Learning Centre at Bansilalpet.

Guests at the event included Bansilalpet Corporator Hemalatha, Gandhinagar Police Station Circle Inspector D. Raju, Rainbow Homes Programme Executive Director Anuradha, Rainbow Home Senior Programme Manager Srilatha, Ambika from People's Collective for Child Protection, and City Desk Coordinator for Community Based Care Programme Kranthi Kiran.

Corporator Hemalatha expressed gratitude for the successful partnerships with the Rainbow Homes Programme in her district, emphasising the significant health camps held amid the COVID-19 epidemic. She also commended the diverse programmes initiated at the Rainbow Community Care and Learning Centre situated at Chacha Nehru Nagar Community Hall, Bansilalpet, Hyderabad. Furthermore, Gandhinagar Police Station Circle Inspector D. Raju recognised the Rainbow Foundation's crucial efforts in furthering children's development and protecting their rights, reaffirming the police system's ongoing support. He highlighted and applauded the significance of collective action in addressing community needs and ensuring the well-being of vulnerable groups.

Anuradha Konikepudi, Executive Director of Rainbow Foundation India and the Rainbow Homes Programme, provided valuable insights into the impressive scope of the Rainbow Homes Programme. Operating across 10 cities in 9 states, their initiative boasts a significant 60% female workforce, demonstrating a commitment to gender inclusivity and empowerment. Anuradha reiterated the overarching vision of Rainbow Homes: to cultivate a society free from discrimination where every girl has access to high-quality education and opportunities for a brighter future.



Srilatha Morampudi, Rainbow Homes Programme senior manager, discussed the history and significance of International Women's Day. She emphasised that gender inequality persists in current times and that while girls and women's concerns have evolved and changed gears, discrimination remains at many levels. She recalled the need for both women—girls and men—to come together to collectively understand the work promoting gender equality.

Ambika from the People's Collective for Protection of Children shared insights into their impactful work addressing the pressing issues that are affecting children. Their initiatives strive to create safer environments, advocate for children's rights, and foster holistic development.

During the International Women's Day celebration, the Rainbow Community Based Care Programme team members were felicitated by giving mementos and celebrating their contribution in building several marginalised children through the Rainbow Homes Programme. Each participant shared heartfelt views and experiences, highlighting the collective dedication towards empowering women and fostering community development. The event served as a testament to the programme's commitment to recognising and appreciating the invaluable contributions of its staff and volunteers.



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2024

## बराबरी का समाज खड़ा करने की कवायद

रेनबो फांउडेशन इंडिया ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2024 पर कम्युनिटी आधारित केयर प्रोग्राम के कोर्डिनेटर्स, कम्युनिटी केयर व लर्निंग सेंटर के शिक्षकों और वॉलिंटियर्स को 9 मार्च, 2024 को सम्मानित किया। हैदराबाद सिटी डेस्क द्वारा बंसीलालपेट स्थित डॉ बीआर आंबेडकर लर्निंग सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 40 महिला टीम सदस्यों, सामुदायिक महिलाओं और रेनबो होम्स योजना के समन्वयकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अतिथियों में बंसीलालपेट से पार्षद हेमलता, गांधीनगर पुलिस स्टेशन सर्कल इंस्पेक्टर डी. राजू, रेनबो होम्स प्रोग्राम की कार्यकारी निदेशक के. अनुराधा, रेनबो होम की वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक श्रीलता, पीपुल्स कलेक्टिव फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन की अंबिका और कम्युनिटी आधारित केयर प्रोग्राम के हैदराबाद सिटी डेस्क कॉर्डिनेटर क्रांति किरण ने भी भाग लिया।

पार्षद हेमलता ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में रेनबो होम्स योजना के साथ उपयोगी सहयोग की सराहना की। उन्होंने चाचा नेहरू नगर कम्युनिटी हॉल, बंसीलालपेट, हैदराबाद स्थित रेनबो समुदाय-आधारित देखभाल और अध्ययन केंद्र में शुरू किए गए विविध कार्यक्रमों की भी सराहना की। गांधीनगर पुलिस स्टेशन के सर्कल इंस्पेक्टर डी. राजू ने पुलिस प्रणाली से निरंतर समर्थन को आश्वस्त करते हुए बच्चों के विकास और उनके अधिकारों की रक्षा करने में रेनबो फांउडेशन के महत्वपूर्ण काम को स्वीकार किया। उन्होंने सामुदायिक जरूरतों को पूरा करने और कमजोर समूहों की बेहतरी सुनिश्चित करने में सामूहिकता की अहमियत पर प्रकाश डाला। रेनबो होम्स योजना की कार्यकारी निदेशक के. अनुराधा ने रेनबो होम्स योजना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि आरएफआई में 60% महिला कार्यबल है, जो लैंगिक समावेश और सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्धता जाहिर करता है। अनुराधा ने भेदभाव मुक्त समाज को विकसित करने, जहां हर लड़की को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और उज्जवल भविष्य के अवसर प्राप्त हों- के लिए रेनबो होम्स के व्यापक दृष्टिकोण को दोहराया।

रेनबो होम्स योजना की वरिष्ठ प्रबंधक श्रीलाता मोरमपुडी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास और महत्व पर चर्चा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा समय में भी लैंगिक असमानता बनी हुई है और थोड़े बदलावों के बावजूद कई स्तरों पर भेदभाव बना हुआ है। उन्होंने लैंगिक समानता को बढ़ावा देने वाले कार्यों को सामूहिक रूप से समझने के लिए महिलाओं-लड़कियों और पुरुषों के एक साथ आने की ज़रूरत पर जोर दिया। पीपुल्स कलेक्टिव फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन की अंबिका ने बच्चों को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने वाले कामों के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि किस तरह यहां सुरक्षित माहौल देने, बाल अधिकारों को बढ़ावा देने और उनका समग्र विकास सुनिश्चित करने की पहल होती हैं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के दौरान, रेनबो समुदाय आधारित केयर प्रोग्राम का टीम के सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने ने महिलाओं को सशक्त बनाने और सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए विचार और अनुभव साझा किए।

# A Stepping stone To Bright Future

Discovering new places is always an exciting journey. The Udaan represents the sense of flying high, which is typically felt amidst the splendour of nature and hills. This provides youngsters with fresh viewpoints and beneficial experiences. I took a long train ride for the first time with a group of friends while having a good time, and meeting new people resulting in lasting memories from even a short one- or two-day trip. Such initial encounters serve as steppingstone for youngsters as they approach their youth.

The Udaan programme, an initiative by Rainbow Homes in India, aims to facilitate the seamless transition of young adults under their care into independent adulthood. Udaan, which translates to "taking flight" in Hindi, is extremely significant in its purpose.

The initiative is designed for older youngsters heading to adolescence who live in Rainbow Homes and Sneh Ghars. Its primary purpose is to equip these young people with essential life skills, education, and opportunity for career



**Manjula Telagade,**
**National future programme manager, Rainbow Homes Program, Hyderabad**

advancement, empowering them to achieve on their own terms.

The Udaan programme offers a holistic approach, incorporating several components. Workshops are conducted to help young adults explore their objectives and goals, evaluate their strengths and shortcomings, and plan their future. These workshops also include activities that help participants gain essential life skills, including financial management.

Udaan brings together young adults from different families and backgrounds in order to enhance their lives and educate them for a brighter future. Rainbow Homes embraces children from all backgrounds, including different castes and faiths. However, throughout the Rainbow Homes framework, they all learn to share the same beliefs while respecting each other's identities. This programme also prepares children for reintegration into society once they reach 18 and helps them develop their own distinct identities. Its goal is to assist youngsters in becoming responsible citizens of India and equip them to confront whatever challenges lie ahead. In Udaan, numerous resource individuals describe their life pathways, educational goals, relationship management, and the changes and worries associated with youth. These discussions offer valuable counsel to older children, assisting them in navigating the intricacies of life.

It subsequently motivates young people to establish an annual plan for accomplishing revolutionary life changes. This also includes learning new skills so that they can seek a quality education and career options once they reach the age of 18. Without exception, there will be an immense focus on psychological and practical preparation.








# सुनहरे भविष्य की सीढ़ी

नई जगहों की खोज करना हमेशा रोमांचक होता है। खुले आसमान में नीचे पसरी वादियों के बीच एक ऊंची उड़ान का भाव एक नई आजादी देता है। इससे युवाओं को नए दृष्टिकोण और उपयोगी अनुभव मिलते हैं। मैंने अच्छा समय बिताते हुए दोस्तों के समूह के साथ पहली बार लंबी ट्रेन यात्रा की। नए लोगों व नए अनुभवों से मुलाकात की वजह से इस तरह की यात्राएं बड़ी लंबी यादें दे जाती हैं। जैसे-जैसे युवा अपनी युवावस्था की ओर बढ़ेंगे, ये शुरुआती मुलाकातें युवाओं के लिए आगे बढ़ने की सीढ़ी साबित होंगी।

उड़ान कार्यक्रम रेनबो होम्स की एक पहल है और उसका उद्देश्य अब तक होम में रह रहे युवा वयस्कों को अपनी आजाद युवावस्था की ओर बिना किसी दिक्कत के अग्रसर होने का रास्ता देना है। इन अर्थों में उड़ान अपने मकसद में बेहद महत्वपूर्ण है।

यह कार्यक्रम किशोरावस्था की ओर बढ़ रहे उन युवाओं के लिए तैयार किया गया है जो अभी रेनबो होम्स और स्नेह घरों में रहते हैं। उड़ान का प्राथमिक उद्देश्य इन युवाओं को आवश्यक जीवन कौशल, शिक्षा और करियर में उन्नति के अवसरों से लैस करना और उन्हें अपनी शर्तों पर हासिल करने में

**युवा वयस्कों को उनके उद्देश्यों और लक्ष्यों का पता लगाने, उनकी ताकत और कमियों का मूल्यांकन करने और उनके भविष्य की योजना बनाने में मदद करने के लिए कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं।**

सक्षम बनाना है।

उड़ान कार्यक्रम कई घटकों को शामिल करते हुए एक समग्र नजरिया अख्तियार करता है। युवा वयस्कों को उनके उद्देश्यों और लक्ष्यों का पता लगाने, उनकी ताकत और कमियों का मूल्यांकन करने और उनके भविष्य की योजना बनाने में मदद करने के लिए कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं। इन वर्कशॉप में ऐसी गतिविधियाँ भी शामिल हैं जो प्रतिभागियों को वित्तीय प्रबंधन सहित आवश्यक जीवन कौशल हासिल करने में मदद करती हैं।

उड़ान में विभिन्न परिवारों और पृष्ठभूमियों से युवा वयस्क साथ आते हैं ताकि उनके जीवन को बेहतर बनाया जा सके और उन्हें एक उज्जवल भविष्य के लिए शिक्षित किया जा सके। रेनबो होम्स में विभिन्न जातियों और धर्मों सहित सभी पृष्ठभूमियों के बच्चे बराबरी के भाव से रहते हैं। रेनबो होम्स की छाया तले, वे सभी एक-दूसरे की पहचान का सम्मान करते हुए समान विश्वास साझा करना सीखते हैं। यह वर्कशॉप बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक पहुंचने के बाद समाज में अपनी स्वतंत्र जगह व पहचान बनान के लिए तैयार करती है और उन्हें अपने लक्ष्य हासिल करने में मदद करती है। इसका लक्ष्य युवाओं को भारत का जिम्मेदार नागरिक बनने में सहायता करना और उन्हें आगे आने वाली सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना है। उड़ान में, अलग-अलग क्षेत्रों की स्थापित शख़्सियतें अपने जीवन पथ, शैक्षिक लक्ष्य, संबंध प्रबंधन और युवाओं से जुड़े परिवर्तनों और चिंताओं पर चर्चा करती हैं। ये चर्चाएँ बड़े बच्चों को मूल्यवान सलाह देती हैं, जिससे उन्हें जीवन की जटिलताओं को समझने में सहायता मिलती है।

इसके बाद, यह युवाओं को अपने जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए एक वार्षिक योजना खड़ी करने के लिए प्रेरित करता है। इसमें नए कौशल सीखना भी शामिल है ताकि वे 18 वर्ष की आयु तक पहुंचने के बाद गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और करियर विकल्प तलाश सकें। जाहिर है कि इसमें मनोवैक्षानिक व व्यावहारिक तैयारी पर गहरा जोर होता है।

**मंजुला तेलागड़े**
नेशनल फ्यूचर्स प्रोग्राम मैनेजर,
रेनबो होम्स प्रोग्राम, हैदराबाद

EMBRACE. EDUCATE. ENABLE.

# UDAAN was a transformative experience



**Jhunu Datta,**
Loreto Rainbow home Future program coordinator, Kolkatta

UDAAN is a life-changing programme that centres on social and personal development, bringing together youngsters from different states in India. As a Future Coordinator, I had the privilege of participating in the Udaan Workshop in December, which was hosted at St. Mary's Villa in the serene hills of Lonavala, Maharashtra. This experience was genuinely transformative, and I'm thrilled to share it.

## New Interventions

Udaan Workshop featured some creative solutions that I found quite effective. The "Surprise Collage: Journey of Older Children" was a pleasant activity in which each participant got a collage depicting their participation in the Rainbow Home Project (RHP). It was incredibly touching to witness their excitement and nostalgia as they received these collages.

Another effective intervention was the "Strengths and Weaknesses: Observations and Suggestions" activity. Home team members recorded positive observations and areas for improvement for each participating child. These findings were displayed on colourful sheets, providing useful feedback for the children's development.

## Udaan Program

The workshop commenced on December 10th, 2023, with Parminder Singh and Manjula Telagade showcasing the program's objectives. Children from Kolkata and Patna led a spectacular Rainbow Camp prayer in their own languages. Bangla and Hindi set the tone for harmony and respect. Our Executive Director, Anuradha Konkepudi discussed her inspirational vision for the Udaan programme. She emphasised that a successful workshop involves mutual respect, open communication, and present-moment awareness.

## Group Activities and Self-Reflection

The young participants were separated into different groups, which encouraged interaction and friendship across state boundaries. Each group member introduced themselves, offering an opportunity for connection. The National Team then presented the Rainbow Alumni, a group of young adults who provided excellent workshop resources. The first team activity had staff members share their experiences of turning 18. The young companions then reflected on the meaning and possible worries linked to maturity.

## Unveiling Personal Journeys

Following a delightful tea break, a volunteer from each group gave a lovely review of the Rainbow Camp Prayer. They were asked, "What kind of youngsters come to our home?" The comments from the young buddies were consistent with the organization's objective. The facilitator then took the youngsters on a self-discovery journey, encouraging them to explore their own histories in their groups. Each narrative, full of perseverance and optimism, demonstrated the power these young people possessed.

## Envisioning the Future

After a revitalizing lunch break, the National Team led an exhilarating activity. The young companions went on an enigmatic journey in a "Time Machine," visualizing themselves as 35 years old, both professionally and personally. This silent meditation resulted in uplifting thoughts of brighter futures and a desire to constructively contribute to society.




# जीवन को नई दिशा देने वाला अनुभव



उड़ान, जीवन को नई दिशा देने वाला कार्यक्रम है जो देश के अलग-अलग हिस्सों से युवा वयस्कों को साथ लाकर उनके सामाजिक और व्यक्तिगत विकास पर केंद्रित रहता है। फ्यूचर कॉर्डिनेटर के रूप में, मुझे भी दिसंबर में उड़ान वर्कशॉप में भाग लेने का मौका मिला, जिसे महाराष्ट्र के लोनावाला की शांत पहाड़ियों में स्थित सेंट मैरी विला में आयोजित किया गया था। यह एक खास अनुभव था, और इसे साझा करने में मैं रोमांचित महसूस कर रही हूं।

## • नए हस्तक्षेप

इस वर्ष की उड़ान वर्कशॉप में कुछ रचनात्मक समाधान प्रस्तुत किए गए जो मुझे काफी प्रभावी लगे। "सरप्राइज कोलाज: जर्नी ऑफ ओल्डर चिल्ड्रेन" ऐसी ही एक गतिविधि थी जिसमें प्रत्येक प्रतिभागी को रेनबो होम प्रोजेक्ट (आरएचपी) में उनकी भागीदारी को दर्शाने वाला कोलाज दिया गया। जब उन्हें ये कोलाज मिले तो उनका उत्साह और उनका पुरानी यादों में डूबना बहुत ही भावुक पल था। एक अन्य प्रभावी हस्तक्षेप "ताकत और कमजोरियां: टिप्पणियां और सुझाव" गतिविधि थी। होम टीम के सदस्यों ने प्रत्येक भाग लेने वाले बच्चे के लिए सकारात्मक टिप्पणियों और सुधार के क्षेत्रों को दर्ज किया। इन निष्कर्षों को रंगीन शीटों पर प्रदर्शित किया गया और इस तरह बच्चों के विकास के लिए उपयोगी फीडबैक उन्हें मिला।

## • उड़ान कार्यक्रम

वर्कशॉप 10 दिसंबर, 2023 को परमिंदर सिंह और मंजुला तेलागड़े द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्यों को सामने रखने के साथ शुरू हुई। कोलकाता और पटना के बच्चों ने अपनी-अपनी भाषा में शानदार रेनबो कैंप प्रार्थना प्रस्तुत की। बांग्ला और हिंदी के मेल ने सद्भाव और सम्मान का माहौल तैयार किया। आरएफआई की कार्यकारी निदेशक के. अनुराधा ने उड़ान कार्यक्रम की अपनी परिकल्पना को सबके सामने रखा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी सफल वर्कशॉप में आपसी सम्मान, खुली बातचीत और मौजूदा दौर को लेकर जागरूकता शामिल होती है।

## • समूह गतिविधियाँ और आत्म-चिंतन

युवा प्रतिभागियों को अलग-अलग समूहों में विभाजित किया गया, जिससे उनमें बातचीत और दोस्ती को बढ़ावा मिला। सबने अपना-अपना परिचय दिया। इसके बाद राष्ट्रीय टीम ने युवा वयस्कों के एक समूह रेनबो एल्युमिनी, को पेश किया, जिनके एनुभव व नजरिया बाकी बच्चों के लिए बहुत उपयोगी साबित हुए। पहली टीम गतिविधि में स्टाफ के सदस्यों ने 18 वर्ष की उम्र पार करने के बाद के अपने अनुभव साझा किए। इन युवा साथियों ने परिपक्वता के मायनों और संभावित चिंताओं पर विचार किया।

## • अनुभवों को साझा करना

एक आनंददायक चाय विश्राम के बाद, प्रत्येक समूह के एक वॉलेंटियर ने रेनबो कैंप प्रार्थना की एक सुंदर समीक्षा दी। फिर उनसे एक जरूरी जवाल पूछा गया: "हमारे होम्स में किस तरह के युवा आते हैं?" इस पर इन युवाओं की टिप्पणियाँ अमूमन आरएफआई के उद्देश्यों के अनुरूप थीं। फिर युवाओं को अपने-अपने समूहों के बीच अपनी जीवन-यात्रा को समझने के लिए प्रोत्साहित किया गया। दृढ़ता और आशावाद से भरपूर प्रत्येक कहानी ने इन युवाओं के पास मौजूद ऊर्जा को सबके सामने पेश किया।

## • भविष्य की कल्पना करना

आरामदायक लंच ब्रेक के बाद, राष्ट्रीय टीम ने एक उत्साहजनक गतिविधि को पेश किया। युवा साथी "टाइम मशीन" में एक रहस्यमय यात्रा पर निकल पड़े, और इस बात की कल्पना की कि जब वे 35 साल की उम्र के हो जाएंगे तो उनकी निजी व पेशेवर जिंदगी कैसी होगी। आने वाले वक्त की इस मौन खोज ने उज्जवल भविष्य के विचार और समाज में रचनात्मक योगदान देने की इच्छा उनमें जागृत की।

**झुनू दत्ता,** लोरेटो रेनबो होम भविष्य कार्यक्रम समन्वयक, कोलकाता

EMBRACE. EDUCATE. ENABLE.



**Daniya Sadaf,**
Future Focal Person,
Need Base India, Rainbow
Home, Bengaluru

# A novel approach to adulthood

The "Udaan" is primarily about preparing for adulthood. It introduces an entirely novel approach to bringing youngsters from various cultures together on a single platform, where they all gain knowledge of many things, including career counselling and mentorship, from best available resources. It also addressed psychological disorientation and mental health issues that most young people face, providing them with relevant solutions to common difficulties.

## Highlights

- Interactive activities helped participants connect with each other and establish an appealing atmosphere for the workshop.
- Created small discussion groups by merging the different teams, which fosters collaboration and allows participants to share insights and experiences.
- Exposure to historic sites such as the Elephanta Caves, which continue to be preserved from the second century and are classified as a UNESCO World Heritage Site, provides insight into Indians' profound architectural understanding.
- Reading the Indian Constitution before starting day promotes secularism and solidarity among young people.

It is essential for youngsters to have the wisdom to see beyond the certainty of right and wrong and to constantly speak up for the truth. I was overjoyed to be a part of such a workshop, where youngsters were thoroughly analysed and taught to make good decisions to have a bright future, with an emphasis on their future. Overall, it was a great experience working with the youngsters, who think outside the realm and develop their knowledge in different aspects.

# वयस्क होने का नया नजरिया

"उड़ान" मुख्य रूप से वयस्कता की तैयारी के बारे में है। इसमें विभिन्न पृष्ठभूमियों के युवाओं को साथ लाने के लिए एक बिल्कुल नया दृष्टिकोण पेश किया गया, जहां उन सभी ने उपलब्ध सर्वोत्तम संसाधनों से करियर परामर्श और मार्गदर्शन सहित कई चीजों का ज्ञान हासिल किया। कार्यशाला में मनोवैज्ञानिक मुद्दों और मानसिक स्वास्थ्य पर भी खास बात हुई जिनका ज्यादातर युवाओं को सामना करना पड़ता है।

## खास बातें:

- विभिन्न गतिविधियों ने युवाओं को एक-दूसरे से जुड़ने और वर्कशॉप के लिए एक अनुकूल माहौल स्थापित करने में मदद की।
- विभिन्न टीमों को मिलाकर छोटे चर्चा समूह बनाए गए, जिनसे युवाओं को मिलकर काम करने की प्रवृत्ति विकसित होती है और नजरिये व अनुभव समझने-समझाने का मौका मिलता है।
- वर्कशॉप के बाद एलिफेंटा गुफाओं जैसी यूनेस्को की विश्व विरासत में शामिल जगहों को देखने का मौका मिलने से भारत की पुरातात्विक धरोहर को समझने का मौका मिला।
- दिन की शुरुआत भारतीय संविधान को पढ़कर करने से युवाओं में धर्मनिरपेक्षता और एकजुटता को बढ़ावा मिलता है। यह ज़रूरी है कि ये युवा सही और गलत को परखने की समझ विकसित करें और हमेशा सच का साथ देने का हौसला विकसित करें। मुझे इस कार्यशाला का हिस्सा बनकर खुशी हुई, जहां युवाओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए अच्छे निर्णय लेना सिखाया जाता है। कुल मिलाकर, यह ऐसे युवाओं के साथ काम करने का अच्छा अनुभव था, जो दायरे से बाहर सोचते हैं और विभिन्न पहलुओं में अपना ज्ञान विकसित करते हैं।

**दानिया सदफ,** फ्यूचर फोकल पर्सन, नीडबेस इंडिया रेनबो होम, बेंगलुरु



**Mohammed Babar,**
Futures Coordinator,
Rainbow Homes, Delhi

# Witnessing Transformation

I had the privilege of witnessing a truly transformative experience – the Udaan workshop in Lonavala. Young adults on the cusp of leaving our care institutions gathered to discover their potential and navigate the exciting, yet sometimes daunting, path towards adulthood. The preparation buzzed with anticipation. It was inspiring to see them take ownership, forming committees to manage aspects like discipline and hygiene. The train and bus ride from Delhi was a microcosm of the adventure that awaited them. Reaching St. Marry's Villa felt like a shared accomplishment, a stepping stone towards a new phase. But Udaan wasn't confined to the workshop halls. We embarked on explorations of Mumbai, experiencing the city's vibrant energy firsthand. The iconic Gateway of India, the scenic Juhu Beach – each landmark offered a unique perspective. The constant hum of construction projects served as a metaphor for the constant growth and evolution that awaited them. The culinary journey was equally enriching, with delicious local delights like Pav Bhaji and Misal Pav tantalizing our taste buds.

Udaan is more than just a workshop; it's a bridge to adulthood. It equips our young adults with the knowledge, confidence, and a strong support system – the Udaan family – to navigate the uncertainties that lie ahead.

# बदलाव का पल

हमारे केयर संस्थानों से अपनी आजाद दुनिया में कदम रखने की दहलीज पर खड़े युवा वयस्कों की उड़ान का साक्षी बनने का अनुभव बहुत खास था। वर्कशॉप में पहुंचने से पहले ही उनका उत्साह, उनकी तैयारी और उनका सफ़र- सब रोमांच से लबरेज थे। उनके लिए लोनावला में सेंट मेरीज विला में कदम रखने भविष्य की एक सीढ़ी चढ़ने जैसा था। उड़ान केवल हॉल व अलग-अलग सत्रों तक सीमित नहीं थी, युवाओं ने ऊर्जा व चमक से भरपूर महानगरी मुंबई और वहां की अलग-अलग जगहों को देखा-समझा और खुद के भविष्य को उसमें तौला। उतनी ही रुचि से वहां के लजीज लोकप्रिय पकवानों के स्वाद भी चखे। उड़ान दरअसल वयस्क जीवन का एक पुल है। वह इन युवाओं को सामने खड़ी अनिश्चितताओं से पार पाने के लिए जरूरी जानकारी, आत्मविश्वास और समूचे उड़ान परिवार का एक मजबूत साथ उपलब्ध कराता है।

**मोहम्मद बाबर,**
फ्यूचर्स कोर्डिनेटर, रेनबो होम, दिल्ली



**Rashmi Sharma,**
Future Focal Person,
Gharonda Vikasatharth
Rainbow Home,
Anisabad, Patna

# A UDAAN of positive minds

UDAAN workshop was filled with excitement, learning, and fun, where everyone got a chance to explore their potential and grow together. The UDAAN teaches young people to live responsibly and independently, as they will be making their own decisions later in life. During the workshop, we discussed life values. For example, what are the qualities and differences between a successful and a good human being? They also mentioned discipline, humanity, respect, honesty, a sense of help, responsibility, trust, and tolerance. It was the most wonderful three days of my life, and I could never have imagined that I would go to such a beautiful place. It was a time of joy and excitement for us. I had a great experience, where I understood all the changing parts of life, future education, and also talked about career planning. I got the opportunity to attend this workshop for the first time, which was also very encouraging for me. This training will be really beneficial in guiding my new thinking in a positive direction.

# सकारात्मक मन की उड़ान

उड़ान वर्कशॉप रोमांच, ज्ञान और आनंद से भरपूर थी, जिसमें हरेक को अपनी क्षमता को दूसरों के साथ मिलकर बढ़ाने का मौका मिला। उड़ान में युवाओं को आजादी के साथ लेकिन जिम्मेदार तरीके से रहना सिखाया जाता है, चूंकि जल्द ही ये सारे युवा अपने आगे के जीवन के फैसले खुद करने वाले हैं। यहां हमें जीवन मूल्य सीखते हैं। जैसे कि हम समझते हैं कि एक कामयाब इंसान व अच्छे इंसान में क्या अंतर होता है और उनकी क्या खासियत होती है। हमें अमुशासन, विनम्रता, आदर, ईमानदारी, मदद की भावना, जिम्मेदारी, विश्वास, सहनशीलता जैसे मूल्यों के बारे में भी बताया गया। ये मेरे जीवन के सबसे शानदार तीन दिन थे। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं ऐसी खूबसूरत जगह जाऊंगी। यह खुशी और उत्साह का समय था। मेरा इन तीन दिन की वर्कशॉप का काफी बेहतरीन अनुभव रहा, जहाँ मैने जीवन के सभी बदलते विभिन्न हिस्सों को समझा, भविष्य की शिक्षा, और रोजगार की योजना पर बात की। इससे मेरी नई सोच को सकारात्मक दिशा में उड़ान भरने में काफी मदद मिलेगी।

**रश्मि शर्मा,** फ्यूचर फोकल पर्सन, घरोंदा विकासाथर्थ रेनबो होम, अनीसाबाद, पटना

# Udaan:
## Empowering young adults to take flight



> *"The best way to predict your future is to create it."*
> - Abraham Lincoln

The human spirit thrives on exploration. The prospect of venturing into the unknown, of charting one's own course, is an inherent desire that fuels our growth and shapes our destinies. This yearning for independence resonates deeply with the young adults under the care of Rainbow Homes Program (RHP). Through the RHP Futures Program, RHP fosters a future filled with possibility for these young people. The Udaan workshop, a key initiative within the Futures Program, exemplifies this commitment. Aptly named after the Hindi word for "taking flight," Udaan equips these individuals with the tools and confidence they need to navigate the exciting, yet often daunting, transition into independent adulthood.

Established with a keen understanding of the challenges faced by older children (aged 17 and above) nearing the cusp of adulthood, Udaan recognizes the crucial need for preparation before they leave the secure haven of Rainbow Homes. These young adults, on the brink of turning 18, are on the verge of losing access to the residential facilities offered by the Rainbow Homes Program due to legal compliance. They also yearn to embark on a more exciting life, explore the world, and build their own nests. Udaan bridges this gap, providing them with a focused program – a pre-flight orientation, if you will – that empowers them to face the world with a sense of purpose and self-reliance.

**Udaan offers a unique learning environment. It fosters a vibrant exchange of knowledge and experience. Resource persons, peers, senior residents ("sisters" and "brothers"), Rainbow Homes leadership, and even board members all contribute to this rich tapestry of learning.**



### More Than Just a Workshop

Udaan transcends the confines of a typical workshop. It is a transformative experience that leaves a lasting impact on its participants. Former participants often recount how Udaan equipped them with the foresight and knowledge to navigate life's complexities. They credit the program with fostering analytical skills and problem-solving abilities, allowing them to approach personal and professional challenges with newfound confidence.

Udaan offers a unique learning environment. It fosters a vibrant exchange of knowledge and experience. Resource persons, peers, senior residents ("sisters" and "brothers"), Rainbow Homes leadership, and even board members all contribute to this rich tapestry of learning. This diverse pool of mentors provides valuable insights and perspectives, enriching the lives of these young adults.

### Tailored for step toward Independence

The Udaan program is meticulously designed to cater to the specific needs of young adults residing in Rainbow Homes and Sneh Ghars (care homes for girls). Its core objective is to equip these individuals with a comprehensive mindset to acquire the skillset encompassing life skills, academic knowledge, and career guidance. This holistic approach empowers them to carve their own path to success, fostering self-sufficiency and a sense of agency.

**Udaan fosters a sense of community – a crucial aspect for young adults embarking on this new chapter.**

At the heart of Udaan lie a series of workshops aimed at self-discovery. These sessions guide participants in exploring their aspirations, identifying their strengths and weaknesses, and formulating a roadmap for their future. We discuss their dreams, anxieties, stresses, hopes, and aspirations. Activities aim to help them shed past baggage and take a leap of faith towards a better life. The program covers important aspects of their life: life goals, planning for resources and life, relationships, values for becoming a sensible and contributing citizen of the country, nutrition and health, mental health and emotional well-being, etc. Through these workshops, Udaan participants gain the confidence to navigate the financial realities of independent living.

### A community of support

Udaan fosters a sense of community – a crucial aspect for young adults embarking on this new chapter. Participants from diverse backgrounds find common ground in their shared experiences and aspirations. This creates a supportive network, fostering a sense of belonging and camaraderie.

Udaan culminates in a transformative experience – the creation of a personalized yearly plan. This plan outlines concrete steps for participants to achieve their desired life goals. It emphasizes acquiring new knowledge and skills, equipping them to pursue quality education and secure meaningful employment opportunities after they turn 18. Udaan prioritizes both psychological and practical preparation,

ensuring a smooth transition into adulthood.

### Beyond the nest

Imagine a group of young friends embarking on a train journey for the first time. The excitement of new sights and experiences, the camaraderie of fellow travelers – these memories linger long after the journey ends. Udaan replicates this experience for its participants, albeit on a metaphorical level. This "practice run" prepares them for the challenges and opportunities that lie ahead, equipping them with the tools they need to navigate the complexities of life beyond the safe haven of Rainbow Homes.

Rainbow Homes supports the children from various backgrounds, underprivileged, oppressed, marginalised communities, including those affected by man-made or natural disasters, homelessness, oppression, migration, unsanitary professions and impoverished circumstances. Our doors are open to diverse ethnicities and religions. Within its walls, residents learn the importance of tolerance and respect for individual identities. Udaan builds upon this foundation, preparing participants for successful reintegration into society. It fosters self-discovery, empowering them to embrace their unique identities while becoming responsible citizens of India.

Through insightful discussions with resource persons, participants gain valuable guidance on life journeys, educational aspirations, navigating relationships, and coping with the anxieties associated with adulthood. These discussions serve as a compass, guiding them through the uncharted territory that lies ahead.

The Udaan workshop is a testament to Rainbow Homes' unwavering commitment to the well-being of its residents. It empowers young adults to take charge of their destinies, soar high on the wings.

**Parminder Singh,**
**Senior Manager Futures Program,**
**Rainhow Homes Program**





# युवाओं को उम्मीदों की उड़ान भरने के लिए तैयार करना

*“ अपना भविष्य जानने का सबसे अच्छा तरीका है, उसे खुद गढ़ना.”*
- अब्राहम लिंकन



इंसान हमेशा नए की तलाश में रहता है। अनदेखी दुनिया को देखने और अपना रास्ता खुद बनाने की चाहत ही हमें आगे बढ़ाती है और हमारी नियति को आकार देती है। आजाद सपनों की यही तलाश रेनबो होम्स प्रोग्राम की देखरेख में बढ़े हो रहे युवा वयस्कों में भी पनपती रहती है। फ्यूचर्स प्रोग्राम के जरिये इन युवाओं के सामने संभावनाओं से भरे भविष्य का खाका खींचा जाता है। फ्यूचर्स प्रोग्राम की अहम पहले के रूप में उड़ान कार्यशाला रेनबो होम्स की इसी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। उड़ान में इन युवाओं को उस आत्मविश्वास और उत्साह से लबरेज किया जाता है जो उन्हें एक आजाद युवा जीवन में प्रवेश करने के रोचक लेकिन चुनौतीभरे सफर पर चलने के लिए ज़रूरी होता है। उड़ान को इस बात की गहरी समझ के साथ गढ़ा गया है कि वयस्क होने के कगार पर खड़ी तरुणाई (17 साल या इससे ज्यादा की उम्र) की चुनौतियां क्या हैं और रेनबो होम्स की सुरक्षित छांव से बाहर निकलने के लिए उन्हें किस तरह तैयारी की ज़रूरत है। 18 साल के होने की दहलीज़ पर खड़े इन तरुणों को वैधानिक बाध्यताओं के चलते रेनबो होम्स प्रोग्राम से मिलने वाली आवासीय सुविधाओं को छोड़ना होता है। बाहर निकलकर उन्हें एक ज्यादा रोमांचक ज़िंदगी में प्रवेश करना होता है, दुनिया को देखना होता है और अपने लिए बसेरा खड़ा करना होता है। ‘उड़ान’ उन्हें इसी के लिए तैयार करती है और पंख फैलाने से पहले सामने खड़े खुले आसमान के बारे में बताती है, उनका ध्यान केंद्रित करती है। यह उन्हें दुनिया का सामना करने के लिए मकसद और मजबूती देती है।

### महज एक कार्यशाला नहीं

उड़ान किसी कार्यशाला की पारंपरिक लीक में नहीं बंधी हुई है। यह जीवन बदलने वाला अनुभव है जो इसमें शामिल होने वालों पर एक दूरगामी प्रभाव छोड़ता है। इसमें पहले शामिल हो चुके युवा अक्सर याद करते हैं कि कैसे उड़ान ने उन्हें जीवन की जटिलताओं से पार पाने के लिए आगे की सोच व ज्ञान से लैस कराया। वे कहते हैं कि इस कार्यशाला की मदद से उनमें विश्लेषणात्मक कौशल और समस्याओं को सुलझाने की काबिलियत विकसित हुई लिहाजा वे निजी व पेशेवर चुनौतियों का सामना बेहतर आत्मविश्वास के साथ कर सके।

उड़ान में तरुणों को सीखने का एक अनूॲा माहौल मिलता है। यहां ज्ञान, जानकारियों व अनुभव का जीवंत आदान-प्रदान होता है। रिसोर्स पर्सन, साथी, वरिष्ठ निवासी, रेनबो होम्स का शीर्ष नेतृत्व और उसके बोर्ड के सदस्य तक सीखने-सिखाने की इस संपन्न प्रक्रिया में योगदान देते हैं। ये सभी इन युवा वयस्कों को गहरी अंतर्दृष्टि व अवधारणों से वाकिफ कराते हैं और इस तरह उनके जीवन को संपन्न बनाते हैं।

### आजाद जीवन की ओर बढ़ते कदम

उड़ान कार्यशाला रेनबो होम्स और स्नेह घरों में रहने वाले युवा वयस्कों की ख़ास ज़रूरतों के हिसाब से आयोजित की जाती है। मुख्य मकसद यह है कि इन युवाओं को समग्र कौशल हासिल करने के लिए मानसिक रूप से मजबूत किया जाए, चाहे वह जीवन कौशल हो, अकादमिक ज्ञान हो या फिर कैरियर गाइडेंस। इस समग्र नजरिये से उन्हें आत्मनिर्भरता और कामयाबी के लिए अपना रास्ता खुद तैयार करने की हिम्मत मिलती है।

उड़ान में कई तरह की कार्यशालाओं का समावेश होता है। अलग-अलग सत्रों में युवाओं को अपनी आकांक्षाओं को पहचानने, अपनी मजबूतियों व कमजोरियों को समझने और अपने भविष्य का रास्ता गढ़ने की दिशा मिलती है। उनके सपनों, चिंताओं, दबावों, उम्मीदों व आकांक्षाओं के बारे में चर्चा की जाती है। दिमाग से अतीत के बोझ को उतार फेंकने और बेहतर जीवन के भरोसे की तरफ छलांग लगाने में मदद की जाती है। इस प्रोग्राम में कई सारे पहलू शामिल होते हैं, जैसे संसाधनों के लिए तैयारी करना, रिश्तों की समझ बनाना, स्वास्थ्य व पोषण की अहमियत समझना, मानसिक सुदृढ़ता और देश का जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए ज़रूरी जीवन मूल्य विकसित करना। इससे इन तरुणों को स्वतंत्र जीवन की आर्थिक वास्तविकताओं का भी अहसास होता है।

> **इन युवाओं को समग्र कौशल हासिल करने के लिए मानसिक रूप से मजबूत किया जाए, चाहे वह जीवन कौशल हो, अकादमिक ज्ञान हो या फिर कैरियर गाइडेंस। इस समग्र नजरिये से उन्हें आत्मनिर्भरता और कामयाबी के लिए अपना रास्ता खुद तैयार करने की हिम्मत मिलती है।**

### मदद देने वाला समुदाय

उड़ान से युवाओं में एक समुदाय का भाव विकसित होता है जो नया जीवन शुरू करने के लिए ज़रूरी है। अलग-अलग पृष्ठभूमियों से आए हुए युवा अपने अनुभवों और आकांक्षओं में साझी जमीन तलाश करते हैं। इससे इनके बीच एक अपनापा विकसित होता है।

उड़ान सबके अपने-अपने निजी सालाना प्लान की रचना के साथ संपन्न होती है। इस प्लान में सबके लिए हरेक के लिए उसके जीवन लक्ष्यों के अनुरूप कदम-दर-कदम तय होते हैं। उसमें नया ज्ञान और नए कौशल हासिल करने पर जोर होता है। उन्हें वयस्क होने के बाद अच्छी उच्च शिक्षा और सार्थक रोजगार हासिल करने के लिए तैयार किया जाता है। उड़ान में मानसिक व व्यावहारिक दोनों तैयारियां निहित होती हैं ताकि वयस्क जीवन में बिना किसी दिक्कत के प्रवेश किया जा सके।

### घरौंदे से बाहर

जरा कल्पना कीजिए उन युवा दोस्तों की जो पहली बार रेल का सफ़र कर रहे होते हैं। नए नजारे, नए अनुभव और बाकी यात्रियों के साथ मेल-मिलाप- ये सारी यादें सफ़र पूरा करने के बहुत समय बाद तक भी ज़ेहन में ताजा बनी रहती हैं। उड़ान में युवा वयस्कों को इसी तरह का अनुभव मिलता है। यह अनुभव उन्हें याद भी रहता है और आगे के लिए तैयार भी करता है।

रेनबो होम्स अलग-अलग पृष्ठभूमियों से आने वाले बच्चों की मदद करते है। इनमें वंचित, उत्पीड़ित व हाशिये के तबके के बच्चे भी होते हैं और बेघर, अत्यंत गरीब, अस्वच्छ पेशों, प्रवासी कामगारों और प्राकृतिक आपदाओं के शिकार परिवारों के बच्चे भी होते हैं। यहां सभी धर्मों, समुदायों से बच्चे आते हैं। इसिलए यहां आकर बच्चे प्रेम, सहिष्णुता, भाईचारा, मिलकर रहना, सभी को बराबर मानना व सबको सम्मान देना सीखते हैं। उड़ान जैसी कार्यशाला इसी नींव पर एक मजबूत इमारत खड़ी करने का काम करती है ताकि ये बच्चे लौटकर समाज को कुछ दे सकें। ये सब अपनी-अपनी पहचान के साथ देश के जिम्मेदार नागरिक बनते हैं।

उड़ान कार्यशालाएं बच्चों की बेहतर देखरेख के प्रति रेनबो होम्स की प्रतिबद्धता का रेखांकित करती हैं और युवा वयस्कों को अपनी नियति की दिशा में पंख फैलाने के लिए सशक्त बनाती हैं।

**परमिंदर सिंह, सीनियर मैनेजर, फ्यूचर्स प्रोग्राम, रेनबो होम्स प्रोग्राम**

EMBRACE. EDUCATE. ENABLE.




उड़ान के साथियों के साथ यादगार पल
Memorable moments with friends at UDAAN

# Confident steps towards a bright future

UDAAN opens new ways to achieve goals for the young adults and helps them believe in themselves



चर्चाओं के बीच कुछ पल दोस्तों के साथ मस्ती के
Some fun with friends in between all serious discussions



उपलब्धियों का सम्मान, उन्हें प्रोत्साहित करना भी ज़रूरी है
Recognizing the achievements and appreciating them is equally essential



अपने-अपने विषयों के एक्सपर्ट से चर्चा के सत्र भी बड़े उपयोगी रहे
Sessions of discussions with various experts were very useful



खेल-खेल में भी हम जीवन की कई सारी बारीकियां सीख जाते हैं
Games are instrumental in teaching us many life lessons



वर्कशॉप में आउटडोर गतिविधियों के भी कुछ सत्र थे
There were many sessions of outdoor activities at the workshop

EMBRACE. EDUCATE. ENABLE.

उड़ान जैसी वर्कशॉप में युवाओं को देश में अन्य जगहों से आए हमउम्र युवाओं के साथ मिलने व विचार साझा करने का मौका मिलता है

Workshops like UDAAN help young adults from different parts of country to meet and share their views and experiences



हर व्यक्ति में कोई न कोई प्रतिभा, कोई खूबी होती है। जरूरत उसको समय पर पहचानने और आगे बढ़ाने की है

Every person has one or another talent, we just need to recognize it and promote it



अपने साथियों और रेनबो टीम के सीनियर्स के साथ एक पल हमेशा याद रखने के लिए

A moment to remember with friends and seniors of the Rainbow Home team



गंभीर चर्चाओं के बाद मिलकर खाने का भी मजा कम नहीं है

A hearty meal after serious discussions is a joy in itself.





कई जानी-मानी शख्सियतों की सीखें और उनके अपने जीवन के अनुभव बहुत ही उपयोगी रहे

To listen to some great personalities and know their life experiences were very useful for everyone

# It was a wonderful opportunity



**Pavitra,**
Aman Vedika Medibavi Rainbow Home, Hyderabad

I am studying in B. Tech 1st year. I attended the Udaan workshop at Lonavala in Maharashtra for 3 days in January this year. We were divided in different groups to attend various sessions conducted there. We were explained about the future study programmes and job opportunities. We were also told about how to take care of our nutrition and proper diet while growing up. It was a beautiful place and I enjoyed boating in the lake a lot. Each and every session was very useful. Upon return, I shared most information with juniors at our home. I fell very happy. We need more sessions like this to build the future. I am very thankful for providing me with this wonderful opportunity.

# एक शानदार मौका

मैं बीटेक प्रथम वर्ष में पढ़ रही हूं। मैंने इस साल जनवरी में तीन दिन के लिए महाराष्ट्र के लोनावला में आयोजित हुई उड़ान कार्यशाला में हिस्सा लिया था। वहां हुए अलग-अलग सत्रों के लिए हमें अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया था। हमें आगे की पढ़ाई और रोजगार के अवसरों के बारे में बताया गया। हमें यह भी बताया गया कि आगे बढ़ते हुए हमें उपयुक्त पोषण और भोजन का भी ध्यान रखना जरूरी है। वह जगह बहुत खूबसूरत थी और हमें बोटिंग में भी बहुत मजा आया। हर सत्र बड़ा उपयोगी था। लौंटने के बाद मैंने सारी जानकारियां होम में अपने जूनियर्स के साथ बांटी। मुझे बहुत खुशी हुई। अच्छा भविष्य बनाने के लिए हमें इस तरह की कार्यशालाओं की बहुत जरूरत है। इतना अच्छा मौका मिलने के लिए मैं बहुत शुक्रगुज़ार हूं।

**पवित्र,** अमन वेदिका मेडिबावी रेनबो होम, हैदराबाद

# Providing a safe and supportive environment



**Renuka,**
ASRITHA Rainbow Home, Hyderabad

Udaan was very worthful with resource persons like Ex-IAS officer Anshu Ji educating on values in education and Satya Pillai from Rainbow Team enlightening on mental health awareness. Workshop addressed key areas that are fundamental for nurturing well-rounded individuals. Topics such as food and nutrition, bonding relationships, gender equality, recognizing strengths and weaknesses, understanding discrimination, and honing decision-making skills are essential in equipping children with the knowledge and confidence to navigate in life. The inclusion of 'Time Machine' suggests a focus on time management, which is a vital skill in today's fast-paced world. Programs like Udaan are instrumental in providing a safe and supportive environment for children to learn and grow.

# सुरक्षित व मददगार माहौल

उड़ान हम लोगों के लिए बड़ी उपयोगी रही। उसमें शिक्षा के मूल्यों पर बात करने के लिए पूर्व आईएएस अधिकारी अंशु जी और मानसिक स्वास्थ्य की जागरूकता के बारे में बात करने के लिए रेनबो टीम की सत्या पिल्लै जैसे रिसोर्स पर्सन मौजूद थे। कार्यशाला में उन महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में बातचीत की गई जो हमारे अच्छा इंसान बनने के लिए बुनियादी हैं। सही भोजन व पोषण, मजबूत रिश्ते बनाना, लैंगिक बराबरी, अपनी मजबूतियों व कमजोरियों को पहचानना, निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना और भेदभाव को पहचानना- ये सब वे मसले हैं जिनके बारे में जानकारी व भरोसा होना जीवन में आगे बढ़ने के लिए जरूरी है। इसी तरह तेजी से दौड़ती दुनिया में टाइम मैनेजमेंट भी अहम है। उड़ान जैसे कार्यक्रम युवाओं को सुरक्षित व मददगार माहौल देने में उपयोगी भूमिका निभाते हैं।

**रेणुका,**
आश्रिता रेनबो होम, हैदराबाद



**Shaik Roshni,**
Aman Vedika, Musheerabad, Hyderabad

# Got way to move ahead

We were a group of 6 who attended Udaan. I liked all the sections very much. I attended all the sections with full interest, enjoyed every moment, learning about life skills program, career guidance, and support from Home. We were motivated to meet and hear various experts in respective fields. I especially liked the session on planning together for the future. Earlier, I was confused about my studies, career and future. I was too scared to thinks about it, but Udaan cleared my mind, and now I have decided about my future. I also loved the tour of Mumbai, the sea and the boat trip. I thank everyone for support, motivation and love.



# आगे बढ़ने की राह मिली

उड़ान में हिस्सा लेने वाला हमारा छह का ग्रुप था। मुझे कार्यशाला के सभी सत्र बहुत अच्छे लगे और मैंने सभी में बड़े मन से हिस्सा लिया और हर पल का पूरा आनंद लिया। मैंने लाइफ स्किल्स, कैरियर गाइडेंस और होम से मिलने वाली मदद के बारे में जाना। विभिन्न क्षेत्रों के एक्सपर्ट लोगों को सुनकर हमें काफी प्रेरणा मिली। मुझे खास तौर पर भविष्य के लिए योजना बनाने वाला सत्र अच्छा लगा। पहले मैं अपने पढ़ाई, कैरियर व भविष्य को लेकर बहुत भ्रमित थी। उसके बारे में सोचने में भी मुझे डर लगता था। लेकिन उड़ान ने इस उलझन को दूर किया और अब भविष्य को लेकर मैं स्पष्ट हूं। मुंबई की यात्रा में भी बहुत मजा आया।

**शाइक रोशनी,** अमन वेदिका, मुशीराबाद, हैदराबाद



# Learned to give our best

I participated in UDAAN program on behalf of CRDS Rainbow Home, Anantapur. I learned so many things including how to plan my future and which course would be useful for my carrier. I also learned that while I am entering into the adulthood, what challenges I will have to face and how I have to compose myself to achieve the goals in my life. Communication skills play important role in our carrier, we learned about them and also about human values. Many other contemporary social issues were also discussed in UDAAN program, specially the gender-based issues such as child marriages. There were many other activities to help us understand that if we concentrate on our goals and if we give our 100% to achieve it than we can certainly fulfil our dreams.



**G. Nandu,**
**BA 2nd year, KSN Govt women's degree college, Anantapur, Andhra Pradesh**

# अपना सर्वश्रेष्ठ देना सीखा

मैंने सीआरडीएस रेनबो होम अनंतपुर की तरफ से उड़ान में हिस्सा लिया। मैंने वहां कई बातें सीखीं जिनमें अपने भविष्य की योजना कैसे बनाना भी शामिल था, और यह कि मेरे लिए कौन सा कोर्स ठीक रहेगा। मैंने यह भी जाना कि जब मैं वयस्क होने की तरफ बढ़ रही हूं तो मेरे लिए क्या चुनौतियां होंगी और मुझे जीवन में अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए खुद को किस तरह से ठीक रखना होगा। संवाद का कौशल हमारे कैरियर में जरूरी स्थान रखता है, हमने उसके साथ-साथ मानव मूल्यों के बारे में भी जाना। उड़ान में कई सारे समकालीन सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा हुई जिनमें लैंगिक भेदभाव भी प्रमुख था। तमाम गतिविधियों में हमने यह समझा कि अगर हम लक्ष्य पर केंद्रित रहें और अपना सौ फीसदी प्रदर्शन करें तो हमें अपने सपनों को पूरा करने में कामयाबी मिल सकती है।

**जी. नंदू,**
बीए सेकेंड ईयर, केएसएन
गवर्मेंट डिग्री क़ॉलेज, अनंतपुर,
आंध्र प्रदेश



EMBRACE. EDUCATE. ENABLE.



# Learning Through Brilliant Minds

One of the best ways to learn is from experiences of those minds who have acquired vast knowledge during the course of their long careers and exposure, such as RFI board member and Ex-IAS office Anshu Vaish and Science activist and actress Chandana Chakraborty. Learnings and group discussions bring the best out of you!







# Udaan was an unforgettable experience



I had a fantastic experience at Udaan camp. I spent four days in Lonavala, Pune. It was a valuable experience. I got the opportunity to meet and connect with friends from Rainbow Homes in Hyderabad and Chennai. Despite our linguistic barriers, we were able to effectively communicate and learn from one another. The group discussion allowed me to express my ideas and obtain helpful feedback. This event taught me the value of respecting various religions and encouraging gender equality. The camp staff also discussed their own experiences, such as their challenges, love, and affection during their adolescent years.

These workshops helped me grasp life and recognise my own talents. A workshop on future planning after 35 years was highly encouraging for me. It made me think about where I want to go and what measures I need to take to get there. The health awareness workshop emphasised the significance of eating habits as well as physical and mental well-being, which was very pertinent to me as a sportsperson. I was encouraged by the career achievements of ex-IAS officer Anshu and activist Bezwada Wilson, who taught me about human rights. The exposure trip to Mumbai with my fellows was an unforgettable experience. I am grateful to Rainbow Home for giving me this opportunity.

**Obalesh,**
**2nd PUC, Need based India Sneha Ghar, Bengaluru**

## उड़ान का अनुभव बेहद यादगार रहा

उड़ान कैंप का मेरा अनुभव शानदार रहा। मैंने पुणे के लोनावाला में कैंप में चार दिन बिताए। यह बहुमूल्य अनुभव था। मुझे हैदराबाद और चेन्नई में रेनबो होम्स के दोस्तों से मिलने और उनसे जुड़ने का अवसर मिला। हमारी भाषाएं अलग-अलग होने के बावजूद, हम एक-दूसरे से संवाद करने और सीखने में सक्षम थे। कैंप में हुई समूह चर्चा से मुझे अपने विचार व्यक्त करने और उसपर दूरों की राय जानने का मौका मिला। यहां मुझे विभिन्न धर्मों का सम्मान करने और लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करने के मूल्य सीखने को मिले। कैंप में मौजूद वरिष्ठ लोगों ने अपने अनुभव हम सबके साथ साझा किए। इन कार्यशालाओं से मुझे जीवन को समझने और अपनी प्रतिभा को पहचानने में बहुत मदद मिली। 35 साल बाद के अपने भविष्य की योजना बनाने पर हुआ सत्र मेरे लिए अत्यधिक उत्साहवर्धक था। इसने मुझे यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि मुझे किस मुकाम पर पहुंचना है और वहाँ पहुँचने के लिए मुझे क्या रणनीति अपनानी होगी। स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला में भोजन संबंधी आदतों के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक कल्याण के महत्व पर जोर दिया गया, जो एक खिलाड़ी के रूप में मेरे लिए बहुत जरूरी था। मुझे पूर्व-आईएएस अधिकारी अंशू और सामाजिक कार्यकर्ता बेजवाड़ा विल्सन की उपलब्धियों से प्रोत्साहन मिला, जिन्होंने मुझे मानवाधिकारों के बारे में सिखाया। अपने साथियों के साथ मुंबई की यात्रा एक न भूलने वाला अनुभव रहा। इस मौके के लिए मैं रेनबो होम का दिल से आभारी हूं।

**ओबलेश,**
पीयूसी 2,
नीड बेस्ड इंडिया स्नेह घर, बेंगालुरु







**Vijayalakshmi M,**
**12th class (II Puc), Need Based India Rainbow home, Bengaluru**

# Learnt about eating choices

On the first day of the Udaan workshop, I made new friends. I realised about many things an eighteen-year-old goes through, including fear, reluctance, true friendship, and types of freedom. In one of the sessions, we travelled in time machine to future and dreamt about what I will be doing at the age of 35. In another session, we discussed how important it is to protect ourselves by eating healthy foods. There are three protective methods:

- Empowerment
- Elimination of fear
- Absence of illness

I learned about the influence of our eating choices on our overall health. Consuming vitamin-rich foods is essential for our health.

I also understood the importance of marriage. What drives people to want to marry? What is the secret behind successful marriage? My understanding of the notions of love and affection has improved, notwithstanding my prior ignorance.

We were told about caste discrimination and gender inequality. Wealth, and caste are among the elements that contribute to inequality. When does one become directionally aware? For this query, we have found the answer. Furthermore, we learned about forethought.

We learned about specific subjects we should pursue in our studies. In addition, we also discussed legislation, education, and my childhood experiences. I can now use the skills and knowledge I learned at the Udaan programme in my daily life. I will apply everything I've learned here to my future endeavours.

# खाने और जीने का ज्ञान मिला

उड़ान वर्कशॉप के पहले ही दिन मैंने नए दोस्त बनाए। मैंने कई उन नई बातों का अहसास किया जिनसे एक अठारह वर्षीय व्यक्ति गुजरता है, जिसमें भय, अनिच्छा, सच्ची दोस्ती और अलग-अलग तरह की आजादी शामिल हैं। मैंने युवावस्था को एक नए नजरिये से देखा। एक सत्र में हमने टाइम मशीन में बैठकर भविष्य की यात्रा की और कल्पना की कि मैं 35 साल की उम्र में क्या करूंगी। एक अन्य सत्र में, हमने चर्चा की पौष्टिक भोजन हमारे शरीर की हिफ़ाज़त के लिए कितना महत्वपूर्ण है। इसके तीन तरीके हैं:

- सशक्तीकरण
- डर को भगाना
- बीमारी से दूर रहना


मैंने हमारे स्वास्थ्य पर हमारे खाने की पसंद के असर के बारे में सीखा। विटामिन से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। आज मैंने विवाह के महत्व को समझा। कौन-सी बात लोगों को शादी करने के लिए प्रेरित करती है? कामयाब शादी के पीछे क्या राज़ है? प्रेम और स्नेह की धारणाओं के बारे में मेरी अब तक की समझ में सुधार हुआ है।

हमने जातिगत और लैंगिक भेदभाव के बारे में भी जाना। संपत्ति व जाति समाज में असमानता बढ़ाने वाले सबसे प्रमुख कारकों में से हैं। यह भी समझ में आया कि हम अपनी दिशा के बारे में कब सचेत होते हैं, और कोई काम करने से पहले उसके बारे में सोचना कितना जरूरी है।

हमने उन खास विषयों के बारे में भी सीखा जिन्हें हमें अपनी पढ़ाई में शामिल करना चाहिए। हमने कानून, शिक्षा और बचपन के अनुभवों पर भी चर्चा की। उड़ान में मैंने जो कौशल और ज्ञान सीखा है, उसका अब मैं अपने दैनिक जीवन में उपयोग कर सकती हूं। मैंने जो कुछ भी सीखा है, उसे मैं अपने भविष्य के प्रयासों पर लागू करूंगी।

**विजयलक्ष्मी एम,** 12वीं (पीयूसी 2),
नीड बेस्ड इंडिया रेनबो होम, बेंगालुरु

# Becoming a better version of myself



In December, I travelled to Lonavala, Mumbai, to attend the Udaan workshop. Being a participant in Udaan is one of most cherished memory of my life. The experiences I had witnessed left a profound effect on me. Interacting with people across India exposed the multitude of perspectives that our country possesses. From dawn till night we were engaged in activities related to healthy eating, time management, relationships, menstruation, goal-setting, and success. Different sessions enriched my essential life skills besides broadening my perspective. What I loved most was to travel through time in a time machine and picture my life in future at the age of 35. Finally, we talked about our standard of living and career possibilities, which has given me precise guidance. This workshop transformed my life by making me feel responsible for my nation. It encouraged me to dream of being a better person. The Udaan workshop has enabled me to develop as a person and become more aware of myself. This workshop inspired me to aspire of becoming an accountable Indian citizen.

**Tumpa Sing,** Kolkata

# खुद को बेहतर बनाने का लक्ष्य

दिसंबर में, मैं उड़ान वर्कशॉप में भाग लेने के लिए लोनावला, मुंबई गई। उड़ान में हिस्सा लेना मेरे जीवन का सबसे यादगार मौका है। जो अनुभव मुझे मिले, उनका मुझपर गहरा प्रभाव पड़ा। देश के अलग-अलग इलाकों से आए बाकी युवाओं के साथ बातचीत से मुझे हमारे विभिन्न दृष्टिकोणों से परिचित होने का मौका मिला है। हम सुबह से रात तक स्वस्थ भोजन, समय प्रबंधन, आपसी रिश्ते, मासिक धर्म, लक्ष्य-निर्धारण और सफलता से संबंधित गतिविधियों में संलग्न रहते। इस वर्कशॉप ने मेरे नजरिये को व्यापक बनाने के अलावा मुझे ज़रूरी जीवन कौशल भी दिए। मुझे जो सबसे ज्यादा पसंद आया वह है टाइम मशीन में समय के माध्यम से भविष्य में यात्रा करना और 35 साल की उम्र में अपने जीवन की कल्पना करना। हमने अपने जीवन स्तर और कैरियर की संभावनाओं के बारे में भी बात की, जिससे मुझे सटीक मार्गदर्शन मिला। इस वर्कशॉप ने मुझे अपने राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का अहसास कराकर मेरे जीवन को बदल दिया। मुझे एक बेहतर इंसान बनने का सपना देखने के लिए प्रोत्साहित किया। उड़ान वर्कशॉप ने मुझे एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने और खुद को लेकर अधिक जागरूक बनने में सफल बनाया है। साथ ही मुझे एक जवाबदेह भारतीय नागरिक बनने आकांक्षा रखने के लिए भी प्रेरित किया।

**टुम्पा सिंह,** कोलकाता

# Workshop made a lasting impression

I had been working at Loreto Elliot Road Rainbow Home for 12 years as the Home manager and health supervisor. I remember the exciting event on December 7, 2023, when ten girls boarded the train and travelled for the Udaan Workshop at Lonavala near Mumbai. The workshop engaged participants in a range of activities over the course of two days, including reflective exercises like the "time machine" activity that encouraged introspection on personal development. Group activities fostered mutual understanding, motivation, and confidence among participants. They saw significant improvements in the kids and envision a brighter future ahead of them. Beyond personal development, the workshop promoted links among Rainbow Homes in other states by facilitating inter-home interactions. They emphasise the workshop's all-encompassing effects on community formation and personal growth. All things considered, the trip made a lasting impression and inspired optimism and hope for the kids' development and wellbeing.

**Purnima Dey,** Home Manager and Health Incharge, Loreto Elliot Road Rainbow Home, Kolkata

# Achieving goals by Udaan learnings



I appeared for my secondary examinations this year. My experience with the Udaan workshop has been really positive and educational. The surroundings in Lonavala, Mumbai, were extremely pleasant. I liked exploring new areas and interacting with the Rainbow Home Family and other friends. I learned how to fulfil my own tasks, collaborate with others, organise work using time management, and so on, and I improved myself as a result of these lessons. I have decided that in the future, I will be a history teacher, and I will achieve this goal by learning from the workshops and the educators' real-life experiences. I am also picturing how I will be in 35 years. This entire workshop was enjoyable, and I want to thank our professors, mentors, and home team members, as well as the city desk and national team members, for offering me this fantastic opportunity.

**Disha Pramanik,** Loreto Rainbow Home, Kolkatta

# उड़ान से मिली सीखों से लक्ष्य पर निगाहें

मैंने इसी साल सेकेंडरी के इम्तिहान दिए हैं। उड़ान वर्कशॉप के साथ मेरा अनुभव वास्तव में सकारात्मक और शिक्षाप्रद रहा है। मुंबई के लोनावला में माहौल बेहद खुशनुमा था। मुझे नए क्षेत्रों की खोज करना और रेनबो होम परिवार और अन्य दोस्तों के साथ बातचीत करना पसंद आया। मैंने अपने कार्यों को पूरा करना, दूसरों बच्चों के साथ सहयोग, समय प्रबंधन का उपयोग करके काम को व्यवस्थित करना आदि सीखा और इन पाठों के परिणामस्वरूप मैंने खुद में सुधार किया। मैंने निर्णय लिया है कि भविष्य में, मैं इतिहास की टीचर बनूंगी। उड़ान के विभिन्न सत्रों और और वहां अपना अनुभव बांटने आए लोगों के वास्तविक जीवन के अनुभवों से सीखकर इस लक्ष्य को प्राप्त करूंगी। मेरे मन में इस बात की भी तस्वीर चल रही है कि 35 साल की उम्र में मेरा जीवन कैसा होगा। पूरी कार्यशाला आनंददायक रही, और मुझे यह शानदार अवसर प्रदान करने के लिए मैं अपने प्रोफेसरों, मेंटर्स और होम टीम के सदस्यों, साथ ही सिटी डेस्क और राष्ट्रीय टीम के सदस्यों को धन्यवाद देना चाहती हूं।

**दिशा प्रमाणिक,** लॉरेटो रेनबो होम, कोलकाता

# वर्कशॉप ने दूरगामी असर छोड़ा



मैं लॉरेटो इलियट रोड, रेनबो होम में गृह प्रबंधक और स्वास्थ्य सुपरवाइजर के रूप में 12 वर्षों से काम कर रही हूं। मुझे 7 दिसंबर, 2023 का वह दिन याद है जब दस लड़कियाँ ट्रेन में चढ़ीं और मुंबई के निकॉ लोनावला में उड़ान वर्कशॉप के लिए निकल पड़ीं। वर्कशॉप में प्रतिभागियों को दो दिनों के दौरान कई गतिविधियों में शामिल किया गया, जिसमें "टाइम मशीन" जैसा चिंतनशील अभ्यास भी शामिल था, जिसने व्यक्तिगत विकास के आत्मनिरीक्षण के लिए प्रोत्साहित किया। कैंप में समूह गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों के बीच आपसी समझ, प्रेरणा और आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया गया। वर्कशॉप के दौरान बच्चों में महत्वपूर्ण सुधार देखने को मिले जिससे उनके अच्छे भविष्य का रास्ता स्पष्ट हुआ। व्यक्तिगत विकास के अलावा, वर्कशॉप ने के जरिये अलग-अलग होम से आए युवाओं को आपस में घुलने-मिलने का भी मौका मिला। इस तरह उनमें सामुदायिक भाव का भी विकास हुआ। कुल मिलाकर, इस उड़ान ने एक अमिट छाप छोड़ी और बच्चों के विकास और बेहतरी के लिए नई उम्मीद जगाई।

**पूर्णिमा डे,** होम मैनेजर व हेल्थ इंचार्ज, लॉरेटो इलियट रोड रेनबो होम, कोलकाता


RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథీ • ரெயின்போ சாத்தி • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • রেইনবো সাথী

# Confusion on career was solved




**Nargis,** Kilkari Rainbow Homes, Delhi



We traveled to Pune by train for the Udaan workshop. My friends and Rainbow Homes staff were also accompanied. Journey took almost whole day. On reaching Pune, we headed towards a beautiful Lonavala surrounded by lush green vegetation & greenery in hills. Every day at the Udaan Workshop, we participated in different activities where we had question-answer sessions about topics related to our careers, such as what our aspirations are and what we want to become in the future. I was initially confused about my career, but after attending the workshop, I realized that I have to choose a career that I enjoy and which can give me good earning. I decided to pursue a career of video editor because I like editing videos. During the workshop, we participated in various activities for learning. I found it very enjoyable and also enriching to participate in such activities.

# A wonderful opportunity to learn & understand

I am grateful to Rainbow Home staff & friends for giving me the chance to attend Udaan workshop. Journey from Delhi to Mumbai was wonderful. There were many activities organised for the young adults. Different sessions on time management, time machines, sexuality, class reservation, dalit untouchability, etc were very informative and beneficial. We had opportunity to participate in various activites which were quite beneficial for our daily lives. We also discussed our life experiences before and after turning 18. I met young folks from all around India, including Ranchi, Patna, Delhi, Pune, Kolkata, Hydrabad, and Chennai. The food was great, and I liked it. We also went on a boating excursion and watched sunset at the sea beach. Overall, this was a wonderful opportunity and it should be extended to all other young students who genuinely wish to achieve something in their life.



**Kajal,** Kilkari Rainbow Homes, Delhi



# कैरियर चुनने की उलझन दूर हुई

उड़ान वर्कशॉप के लिए हम ट्रेन से पुणे गए थे। मैंने अपने दोस्तों और रेनबो होम्स स्टाफ के साथ ट्रेन का सफ़र किया। सफ़र में पूरा एक दिन लगा। पुणे पहुँचने पर, हम हरे-भरे पेड़-पौधों से घिरे शानदार लोनावला इलाके की ओर बढ़े। उड़ान वर्कशॉप में हम हर दिन, अलग अलग एक्टिविटीज में भाग लेते थे जहाँ हमारे कैरियर से संबंधित विषयों के बारे में सवाल-जवाब के सत्र होते थे, जैसे कि हमारी क्या इच्छाएं हैं और हम भविष्य में क्या बनना चाहते हैं। मैं शुरू में अपने करियर के बारे में उलझन में थी, लेकिन पांच दिन की वर्कशॉप में भाग लेने के बाद, मुझे एहसास हुआ कि मुझे एक ऐसा कैरियर चुनना है जिससे मुझे आनंद मिले और जिससे मैं अच्छी आय ले सकूं। मैंने वीडियो एडिटर का कैरियर चुनने का फैसला किया क्योंकि मुझे वीडियो एडिटिंग करना पसंद है। वर्कशॉप के दौरान, हमने सीखने के मकसद से विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। मुझे इस तरह की गतिविधियाँ में भाग लेना बहुत आनंददायक और उपयोगी भी लगा।

**नरगिस,** किलकारी रेनबो होम्स, दिल्ली

# जानने-समझने का बेहतरीन मौका

सबसे पहले मैं इस उड़ान वर्कशॉप में भाग लेने का मौका देने के लिए रेनबो होम्स के सभी स्टाफ को धन्यवाद देना चाहती हूँ। हमारी दिल्ली से मुंबई तक की यात्रा बहुत अच्छी रही। उड़ान में आयोजकों द्वारा बच्चों के लिए बहुत सारी गतिविधियाँ आयोजित की गई थीं। कुछ गतिविधियां जैसे समय प्रबंधन, टाइम मशीन और सेक्स शिक्षा, जाति आरक्षण, दलित स्थिति आदि के संदर्भ में आयोजित सत्र बेहद जानकारीपूर्ण थे। विभिन्न गतिविधियों के जरिये ऐसी कई चीजों को जानने का मौका मिला जो हमारे रोजमर्रा के जीवन के लिए बहुत उपयोगी हैं। हमने 18 साल की उम्र के पहले और बाद के अनुभवों पर चर्चा की। मैं रांची, पटना, दिल्ली, पुणे, कोलकाता, हैदराबाद और चेन्नई सहित कई जगहों से आ युवाओं से मिली। उड़ान वर्कशॉप में भोजन बहुत बढ़िया था और मुझे बहुत पसंद आया। हम बोटिंग पर गए और समुद्र तट पर सूर्यास्त भी देखा था। यह एक बेहतरीन मौका था जो मुझे मिला और मेरा मानना है कि बाकी बच्चों को भी मिलना चाहिए ताकि वे भी इसका लाभ ले सकें।

**काजल,** किलकारी रेनबो होम्स, दिल्ली

# New friends and new experiences



**Rukhsaar,** Kilkari Rainbow Homes, Delhi

Our journey from Delhi to Mumbai for the Udaan Workshop was very enjoyable. We had a great time visiting Mumbai. Traveling by train was a wonderful experience for me. On reaching the workshop destination, I saw that children from seven different states were also there. The three Rainbow Homes – Kilkari, Khushi and Umeed – in Delhi were represented, and children from different cities like Chennai, Hyderabad, Pune, Kolkata, Ranchi, and Patna were also present. We met everyone and got to know them learn many things. From next day our sessions started at 8 am. Participating in the Udaan workshop and taking part in various activities was a lot of fun. This workshop was of a different kind which gave us a chance to go outside and explore the world.

# नए दोस्त, नया अनुभव मिला

उड़ान कार्यशाला से दिल्ली से मुंबई तक की मेरी यात्रा काफी अच्छी रही। हमने मुंबई तक के सफ़र में बहुत अच्छा समय बिताया। रेल से यात्रा करना एक सुखद अनुभव था, और मुंबई पहुंचने पर देखा कि सात अलग-अलग राज्यों के बच्चे भी वहां थे। तीन रेनबो होम्स -किलकारी, खुशी और उम्मीद के बच्चे दिल्ली से गए थे, और अलग शहरों जैसे कि चेन्नई, हैदराबाद, पुणे, कोलकाता, रांची, और पटना के बच्चे भी मौजूद थे । सभी से मिलकर उनका परिचय लिया, उनके बारे में जाना। दूसरे दिन हमारा सेशन सुबह 8 बजे से शुरू था। उड़ान वर्कशॉप में भाग लेना और वहां होने वाली गतिविधियों में भाग लेने में बहुत मज़ा आया था। यह अलग ही ढंग की वर्कशॉप थी जिससे हमें दुनिया को देखने-समझने का मौका मिला।

**रुखसार,** किलकारी रेनबो होम्स, दिल्ली







# Eager to join the Rainbow Home

Our experiences vary whenever we go on field visits. These experiences always motivate us to carry out the tasks in our Rainbow Homes. Our team visited Manadi in Chennai and saw a homeless family residing in front of a local shop. The only asset we saw was a bicycle rickshaw. We spoke with the parents, who introduced us to their six-year-old son, Rahul.

Stalin and Raja babu, two of our team members, described the detailed process of the Rainbow Homes Programme to them. The parents got convinced and decided to enrol their child in our Rainbow Home. In addition, we made them understand the admissions procedure and left for our upcoming visit.



Suddenly, we saw the child Rahul crying and telling us, "Take me Home today itself. Perhaps he was so impressed and more than willing to go to Rainbow Home. It took us more than 30 minutes to make him understand the process.

**Anand,** Rainbow Homes, Chennai

# होम में जाने की बेताबी

जब भी हम फील्ड विजिट पर जाते हैं तो हमारे अनुभव अलग-अलग होते हैं। ये अनुभव हमेशा हमें रेनबो होम्स में अपने काम को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हैं। एक बार हमारी रेनबो होम्स टीम ने चेन्नई में मनादी का दौरा किया। वहां उनकी निगाह एक दुकान के सामने रहने वाले बेघर परिवार पर गई। उनके पास हमने जो एकमात्र संपत्ति देखी वह एक साइकिल रिक्शा थी। हमने माता-पिता से बात की, जिन्होंने हमें अपने छह साल के बेटे राहुल से मिलवाया।

हमारी रेनबो होम्स टीम के दो सदस्यों, स्टालिन और राजबाबू ने उन्हें रेनबो होम्स कार्यक्रम की विस्तृत प्रक्रिया के बारे में बताया। हमने अपनी नियमित गतिविधियों की कुछ तस्वीरें प्रदर्शित कीं। स्टालिन और राजबाबू की बातों से माता-पिता आश्वस्त हुए और उन्होंने अपने बच्चे को हमारे रेनबो होम्स में नामांकित करने का फैसला किया। उन्हें प्रवेश प्रक्रिया समझाकर हम फील्ड विजिट पर आगे की ओर रवाना होने लगे।

लेकिन तभी राहुल रोने लगा और हमसे कहने लगा कि हम उसे आज ही होम ले जाएं। शायद होम के बारे में सुनकर वह वहां जाने को बहुत उत्सुक हो चुका था। तब हमें बच्चे को रेनबो होम्स की प्रक्रिया समझाने में ही लगभग तीस मिनट लग गए।

**आनंद,** रेनबो होम्स, चेन्नई





# Prayer | प्रार्थना | ಪ್ರಾರ್ಥನೆ

God!
Thank you for this beautiful life as part of creation!

WE believe, we wish, to live in friendship and mutual respect with head held high, in courage and self confidence.


We believe, we wish that all human beings, whether men or women, live in equality, and in happiness, whatever their colour, caste, class, religion, region, language or abilities.

We believe that, we wish to strongly oppose divisive forces and ideologies that spread hatred and divide us and support democratic and non-violent actions for justice, humanity, truth and peace, taking injustice done to others as inflicted on us.

WE believe in, we wish to contribute our mite towards, the building of more humane and free world, in good health and joyful learning and spreading knowledge.

God!

We believe in, and wish to join our tiny hands with the multitude of the people in this ages-old divine journey of love.



**ईश्वर अल्लाह**

**हमारी ये दुआ है कि इस दुनिया में कोई भी बच्चा ना हो जिसे भोजन प्यार सुरक्षा और शिक्षा न मिले और यह भी प्रार्थना हैं कि हम अपने आस पास सबकी जिंदगी में खुशी की रोशनी भर दे।**

ನಿಮ್ಮಲ್ಲಿ ನಮ್ಮೆಲ್ಲರ ಪ್ರಾರ್ಥನೆ
ಈ ಜಗತ್ತಿನಲ್ಲಿ ಯಾವುದೇ ಮಗು
ಆಹಾರ ಪ್ರೀತಿ, ಸುರಕ್ಷತೆ ಮತ್ತು
ಶಿಕ್ಷಣದಿಂದ ವಂಚಿತರಾಗದಿರಲಿ
ಇದು ನಮ್ಮ ಪ್ರಾರ್ಥನೆ
ನಮ್ಮ ಹಾಗೂ ನಮ್ಮ ಸುತ್ತಮುತ್ತಲಿನ
ಎಲ್ಲರ ಜೀವನದಲ್ಲಿ ಸಂತೋಷ
ಹಾಗೂ ಪ್ರೀತಿಯನ್ನು ಕರುಣಿಸಿ.



# NEWSLETTER OF RAINBOW HOMES

(for private circulation only)



Rainbow Homes
EMBRACE. EDUCATE. ENABLE.

## OPEN HEARTS, OPEN GATES

H.No. 1/3/183/40/21/51
Flat no 202, K K Rao Residency
P&T colony, Gandhinagar , Hyderabad - 500080